# शिव नाम के हीरे मोती

तीन लोक तारन तरन, शंकर गए कैलाश,
अखंड तपस्या धारण की, बोलो मिलकर जय जयकार l
शिव समान दाता नहीं, विपत निवारणहार,
"अब लज्जा मोरी राखियो, शिव नंदी के असवार" ll
बोलिए शंकर भगवान की,,,,,, जय,,,,,,,,

बम बम लहरी, शिव शिव लहरी, मैं बिखराऊँ गली गली ll,
बम बम बम बम, बम लहरी, शोर मचाऊँ गली गली ll
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी, मैं बिखराऊँ गली गली,
हर हर भोले ॐ नमो शिवाय, शोर मचाऊँ गली गली l
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )

सौराष्ट्र में सोमनाथ, श्रीसैलाम में मल्लिकार्जुन,
उज्जैनीय महाँकालेश्वर, ओमकार ममलेश्वरम ll
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
प्रेम से बोलिए, हर हर भोले ll, अंत में होगी चला चली,
बम बम बम बम बम लहरी, शोर मचाऊँ गली गली ,,,
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

पार्लिया वैद्यनाथ, पुनिया भीमशंकरम,
सेतु बंधे रामेश्वर, द्वारका नागेश्वर ll

( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
मत भूलो मेरे, शिव नाम को ll, बात सुनाऊँ तुम्हे भली,
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी, शोर मचाऊँ गली गली ,,,
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

बाराणसी विश्वेश्वर, त्रिम्बका में त्रिम्बकेश्वर,
हिमालय केदारेश्वर, शिवालय ग्रीशनेश्वर ll
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
द्वादश ज्योतिर्लिंग का ll, पाठ करो तुम नर नारी,
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी, शोर मचाऊँ गली गली ,,,
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

वार वार ना नर तन पाया, बच्चों वाला खेल नहीं,
जन्मो जन्म शिव भक्ति का, होता जब तक मेल नहीं ll
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
ले लो रे, कोई शिव नाम ll, बात सुनाऊँ तुम्हे भली
हर हर भोले, नमो शिवाय, शोर मचाऊँ गली गली,,,
( नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय llll )
बम बम लहरी, शिव शिव लहरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
नमो शिवाय, ॐ नमो शिवाय,,,,,,धुन
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/shiv-naam-ke-heere-moti/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw